प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
20.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / रितेश कपूर / 09:20 बजे

सूचना प्रौद्योगिकी – गड़बड़ी

माइक्रोसॉफ्ट सॉफ्टवेयर में कल हुई बड़े स्तर पर गड़बड़ी के बाद दुनियाभर में बैंकिंग सेवा, अस्पतालों और हवाई संचालन पर बुरी तरह असर पड़ा। हालांकि कई सेवाएं अब धीरे–धीरे पटरी पर लौट रही हैं और कुछ हवाई सेवाओं ने काम करना शुरू कर दिया है। भारत में भी हवाई अड्डों पर कई एयरलाइंस को चेक–इन और बोर्डिंग का काम कम्प्यूटर के बजाय हाथ से करना पड़ा। दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में उड़ानों के संचालन पर असर पड़ा। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रोद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार माइक्रोसॉफ्ट और उसके सहयोगियों के संपर्क में है। सभी प्रभावित कंपनियां अपने–अपने सिस्टम को पटरी पर लाने के लिए मिलकर काम कर रही हैं। माइक्रोसॉफ्ट सेवाओं के बंद होने के प्रभाव से भारतीय वित्तीय और भुगतान प्रणालियाँ काफी हद तक सुरक्षित रही है। भारतीय रिजर्व बैंक के अुनसार मात्र 10 बैंकों और गैर बैंकिंग वित्तीय निगम में मामूली व्यवधान आए, जिन्हें आसानी से हल कर लिया गया। व्यापक रूप से लोकप्रिय भुगतान प्रणाली यू.पी.आई. सहित देश के भुगतान तंत्र पर भी इसका प्रभाव नहीं पडा।

विधायक प्रशिक्षण

प्रदेश की 14वीं विधानसभा में पहली बार निर्वाचित हुए विधायकों को विधानसभा की कार्य प्रणाली व कियाकलापों से अवगत करवाने के लिए 23 जुलाई को प्रदेश विधानसभा में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनमें उपचुनाव में चुन कर आए तीन नव–निर्वाचित विधायक भी शामिल है। प्रशिक्षण की जानकारी देते हुए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि मौजूदा विधानसभा में पहली बार चुनकर आए 26 विधायकों को सदन में उनकी भूमिका व विशेषाधिकार, प्रश्नकाल, सदन में चर्चा, विधायी कार्य और समितियों की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों से अवगत करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश विधानसभा को देश की प्रथम ई–विधान होने का गौरव प्राप्त है और सभी नए सदस्यों को ई–विधान प्रणाली के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

नया शहर

शिमला में बढ़ रही भीड़ को कम करने के उदेश्य शहर के निकट जाठिया देवी में नए शहर के रूप में माउंटेन टाउनशिप का निर्माण किया जाएगा। सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी साझा करते हुए शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि करीब 5 सौ करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस टाउनशिप पर उन्होंने मुख्मयंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की उपस्थिति में कल केंद्रीय शहरी

विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ चण्डीगढ़ में विस्तृत चर्चा की। 15वें वित्त आयोग के तहत देश में 10 नए शहरों का विकसित किया जाना है। जिसके लिए हिमाचल से जाठिया देवी को प्रस्तावित किया गया है।

आकांक्षी–जिला

देश के आकांक्षी जिलों में शुमार चंबा के किसानों को खेतों में सिंचाई सुविधा प्रदान करने के लिए कृषि विभाग ने कई स्थानों पर सिंचाई प्रणाली स्थापित की हैं जिसके सार्थक परिणाम सामने आने लगे हैं। चम्बा के कृषि उपनिदेशक डाक्टर कुलदीप सिंह धीमान ने बताया कि सरकार द्वारा किसानों के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है वहीं नीति आयोग से भी विभाग को करीब डेढ़ करोड़ रुपए की धनराशि प्राप्त हुई थी। जिससे किसानों के खेतों में ड्रिप व स्पिंकलर की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने बताया कि चंबा जिला के सभी विकास खंड इस योजना में कवर किए गए हैं

भर्ती

भारतीय रेलवे के मुंबई, अहमदाबाद, भावनगर और राजकोट डिवीजनों में गेटमैन और गेटकीपरों के कुल 550 पदों के लिए एक निजी सुरक्षा कम्पनी द्वारा 27 जुलाई को हमीरपुर में थल सेना के भूतपूर्व सैनिकों की भर्ती की जाएगी। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के उपनिदेशक सक्वाडन लीडर मनोज राणा ने बताया कि इस भर्ती में चौवन वर्ष तक की आयु के दसवीं पास भूतपूर्व सैनिक भाग ले सकते हैं। उपनिदेशक ने बताया कि इन पदों के अलावा सुरक्षा कम्पनी द्वारा गुजरात के मुख्य शहरों के लिए सिक्योरिटी गार्ड के पदों की भर्ती भी की जाएगी। सिक्योरिटी गार्ड के लिए 19 से 35 वर्ष तक के दसवीं पास हिमाचल युवा पात्र होंगे।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से........

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री और केंद्रीय शहरी विकास मंत्री की बैठक से जुड़ी खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी हैं–अमृत योजना के मापदंडों में रियायत दे केंद्र। दिव्य हिमाचल और आपका फैसला के एक जैसे शब्द हैं–अमृत योजना में पहाड़ी राज्यों के लिए मापदंडों में मिले ढील। दैनिक जागरण केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के हवाले से लिखता है–75 वर्ष बाद हिमाचल को मिलेगा नया शहर–केंद्र सरकार 10 नए शहरों को करेगी विकसित। जबकि दैनिक सवेरा टाइम्स का कहना है–हिमाचल को अमृत योजना के मापदंडों में रियायत की दरकार।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–प्रदेश में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 30 शिक्षकों को मिलेगा सम्मान।

दिव्य हिमाचल की एक ख़बर है—विदेश भाग रहा था क्रिप्टो ठगी का मास्टर माइंड—हिमाचल पुलिस ने कोलकता एयरपोर्ट से किया गिरफ्ता।

हिमाचल दस्तक की सुर्खी है—हिमाचल में एक साल बढ़ेगी सरकारी कर्मचारियों की रिटायरमेंट ऐज।

पंजाब केसरी लिखता है—एच.आर.टी.सी. दैनिक भोगी कर्मियों की दिहाड़ी बढ़ी। मौसम पर दैनिक भास्कर लिखता है—बारिश से 10 जिलों में तापमान 35 डिग्री पहुंचा प्रदेश में आज और कल भारी बारिश का अलर्ट।

————————————